54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.1 °c अधिकतम 32.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:50, सूर्यास्त - 6:53 | वर्ष : 54/ अंक : 230 | शुक्रवार, 21 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, नवमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**॥ अमृतवाणी ॥**
समय सबसे बड़ा शिक्षक है
यह सबक भी सिखाता है
और परीक्षा भी लेता है !!

इस जन्म में सपा की सरकार नहीं बनेगी, अखिलेश अगली पैदाइश की तैयारी करें : ओमप्रकाश राजभर




यह सोच कर खाली भी तो नहीं बैठ सकते....ट्वीट करेंगे....तंज करेंगे...

# भाजपा के पास वैश्य समाज एक दर्जन से अधिक चेहरे दमदार, क्या इनमें से किसी का नम्बर आएगा इस बार?



**मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बु.)।** उत्तर प्रदेश में चुनाव अपने समय से पहले होने की सम्भावना वैसे तो अब पहले से कम हो चुकी हैं। माना जा रहा है कि समय पर ही प्रदेश सरकार चुनाव कराने के मूड में है। मगर अब इसको भी ज्यादा समय नहीं रह गया है। अगस्त माह जाने की ओर है , सम्भवतः दिवाली के बाद या दिवाली से पूर्व चुनाव की घोषणा की जा सकती है। इससे पहले हर पांच साल के बाद प्रत्येक उम्मीदवार को इस बात का इंतजार रहता है कि इस बार मुजफ्फरनगर जिले में बदलाव की बयार होगी और उनका नम्बर आने की सम्भावना जाग जाएंगी। मुजफ्फरनगर जिले से भाजपा के पास इकलौती सदर विधानसभा सीट रह गयी है। पिछले ग्यारह वर्षों से भाजपा के पास बदलाव के लिए एक दर्जन से अधिक चेहरे होने के बाद भी कोई बदलाव नहीं हो पाया है। इस बार क्योंकि यह सीट वैश्य समाज के दम पर ही जीती है, इसी के चलते भाजपा के पास आज भी एक दर्जन से अधिक वैश्य समाज के दमदार मौजूद हैं। सदर विधानसभा सीट पर यदि बदलाव की बात की जाए तो पूर्व विधायक अशोक कंसल की छवि आज तक शानदार है। लगातार कर्मठता से काम करने वाले पूर्व



विधायक अशोक कंसल की छवि यदि आमजन में पूछी जाए और टिकट की दावेदारी में नाम लिया जाए तो लोग उनके चहरे से सहमत दिखाई देते हैं।

बिना किसी विवाद के लम्बे समय से वे भाजपा के वरिष्ठ नेता के रूप में जाने जाते हैं और किसी प्रकार का कोई विवादित इतिहास उनका नहीं है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता राजीव गर्ग भी कभी चेयरमैनी तो कभी विधायकी के टिकट पाते-पाते रह जाते हैं। राजीव गर्ग की छवि पर भी किसी प्रकार का कोई दाग आमजन के बीच न पहले था न आज है। वहीं तीसरी ओर साढ़े तीन वर्ष पूर्व भाजपा में शामिल हुए चेयरमैन पति गौरव स्वरूप ने भी अपनी छवि को पहले के मुकाबले आमजन में काफी मजबूत बनाया है। सौम्य स्वभाव की चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप का लगभग पूरा कार्यकाल शानदार दिखाई दे रहा है। इस दम पर गौरव स्वरूप भी दमदार उम्मीदवार के रूप में उभरते दिख रहे हैं।

युवा चेहरों की बात की जाए तो इसकी भी लम्बी-चौड़ी सूची खुद वैश्य समाज के पास मौजूद है, जिसमें श्रीमोहन तायल, सचिन सिंघल, संजय अग्रवाल, सुनील तायल को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उक्त तीनों लम्बे समय से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद व भाजपा तीनों में अहम भूमिकाएं निभा चुके हैं और कर्मठता से पार्टी में अपनी निष्ठा दिखाते हुए कभी पाला बदल नहीं किया। भाजपा में एक और जिसे बेशक पार्टी नए कार्यकर्ता बताती हो मगर अपनी व्यवहार कुशलता के दम पर अचिंत मित्तल ने भी लखनऊ तक के नेताओं में अपनी अच्छी पकड़ बनाई हुई है और पिछले कई वर्षों से लगातार भाजपा में वफादारी निभाते हुए बखूबी कार्य कर रहे हैं। हालांकि अभी कुछ और चेहरे चुनाव आते-आते निकलकर आएंगे जो सदर विधानसभा सीट को दमदार स्थिति में ले जाने का काम करेंगे मगर बड़ी बात यह है कि भाजपा हाईकमान पिछले ग्यारह वर्षों से लगातार एक ही चेहरे को चाथी बार उतारने का काम करेगी या किसी नई चेहरा बदल पॉलिसी के साथ पुराने एवं वफादार कार्यकर्ताओं को मौका देने का काम करेगी।

## महिला सीट हुई तो ये होंगे भाजपा जिताऊ चेहरे

**मुजफ्फरनगर।** तरह-तरह की चर्चाओं के बीच यदि 33 प्रतिशत महिला कोटे के आधार पर यदि भाजपा मुजफ्फरनगर विधानसभा सीट को महिला कोटे में रखती है तो उसकी तैयारी भी महिलाएं करती दिखाई दे रही हैं, हालांकि सदर विधानसभा सीट का महिला सीट होने की सम्भावनाएं एक प्रतिशत के आसपास है। 99 फीसदी अनुमान यही है कि सदर विधानसभा से पुरुष प्रत्याशी ही भाजपा घोषित करेगी। फिर भी यदि महिलाओं को इस सीट से चुनाव लड़ना पड़ा तो इनमें सबसे पहला चेहरा बदलाव के रूप में मूलचंद स्वीट्स परिवार से जुड़ी दीप अग्रवाल की पत्नी ममता अग्रवाल का होगा। पिछले कई वर्षों से वह पार्टी में अपनी सक्रिय भूमिका निभाती आ रही हैं। वहीं दूसरे दमदार चेहरे के रूप में चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप का नाम बढ़-चढ़कर सामने आएगा, क्योंकि चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप की छवि लाख विवाद होने के बाद भी शानदार बनी हुई है। फिर चाहे पालिका के माध्यम से शहर में विभिन्न स्थानों पर कॉम्पेक्टर रखने का मामला हो, सड़कों पर खूबसूरत लाइट्स लगवाने का मामला हो या अहिल्याबाई जैसे चौराहों का सौंदर्यकरण की चर्चा हो, हर मामले में उन्होंने शहर को विकास की सौगात दी है। वहीं लेडी सिंघम के रूप में अपने चेयरमैनी कार्यकाल से जानी जाने वाली अंजू अग्रवाल भी उम्मीदवारों की सूची में शामिल हैं। इसी क्रम में सीए अजय अग्रवाल की पत्नी रीना अग्रवाल, रेणू गर्ग व भाजपा नेता अचिंत मित्तल की पत्नी व वर्तमान सभासद पारुल मित्तल का नाम भी विधानसभा चुनाव आते-आते चर्चाओं में आता दिखेगा।



## सपने न देखे पंजाबी समाज, विधायकी का टिकट तो दूर चेयरमैनी चुनाव में भी भाजपा की बिना चीनी का लॉलीपॉप देने की तैयारी?

**मुजफ्फरनगर।** अब तक के इतिहास में पंजाबी समाज के जगदीश भाटिया को टिकट देने की बात छोड़ दें तो संख्या में कमजोर बताकर पंजाबी समाज के दमदार चेहरों को भी टिकट दिये जाने से नजरअंदाज किया जाता है। स्वयं कुशपुरी, सुखदर्शन सिंह बेदी व अशोक बाठला, इसका साक्षात उदाहरण है, जिन्हें हर बार मीठे-मीठे मंत्र देकर घर बैठने को मजबूर कर दिया जाता है। इसके बावजूद हर बार पंजाबी समाज के कई उम्मीदवार चुनाव आने से पहले ही चेयरमैनी का टिकट उन्हें ही मिलने के सपने देखने लगते हैं। शायद पंजाबी समाज पिछला इतिहास भूल जाता है



और फिर नए-नए सपने संजोने लगता है। इस बार भी दूर-दूर तक भाजपा का कोई विचार पंजाबी समाज के किसी भी उम्मीदवार को चेयरमैनी देने का नहीं है। हां इतना जरूर है कि भाजपा कार्यकर्ताओं को पॉपकॉर्न की कढ़ाही में मकी डालकर पटक-पटक कर पॉपकॉर्न की तरह फुलाया जरूर जाएगा मगर अंत में पंजाबी समाज के हाथ कुछ नहीं आएगा। हालांकि अभी विधानसभा चुनाव तक हर बार भाजपा के बंधुआ वोटरों को यह गोली दी जाती रहेगी कि इस बार विधानसभा चुनाव जीतते ही चेयरमैनी पंजाबी समाज को दी जाएगी। विधानसभा जीतते ही संघ के बड़े पदाधिकारियों को पंजाबी समाज को यह समझाने में लगा दिया जायेगा कि इस बार भी आपका अवसर नहीं आएगा मगर वोट भाजपा को ही करना है और फिर एक बार पंजाबी समाज को बिना चीनी का लॉलीपॉप पकड़ा दिया जाएगा।

## ब्राह्मण समाज से ये चेहरे हो सकते हैं दमदार

**मुजफ्फरनगर।** चूंकि इस बार समाजवादी पार्टी सदर विधानसभा सीट से ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने को तैयार है। हालांकि चुनाव आते-आते ब्राह्मण के स्थान पर कोई भाजपा का वैश्य समाज का प्रत्याशी भी सपा की ओर कूद सकता है ऐसे में सपा की सीट पर ब्राह्मण के स्थान पर वैश्य समाज का दमदार प्रत्याशी उतरने की सम्भावना सामने आ सकती है। मौजदा समय की बात की जाए तो भाजपा के पास भी टक्कर देने के लिए दमदार ब्राह्मण प्रत्याशी मौजूद है, जिनमें विजय शुक्ला, संजय मिश्रा, राजेश पाराशर वहीं महिलाओं में एडवोकेट शलभ कौशिक की पत्नी श्वेता कौशिक उम्मीदवारों की कतार में रहेंगी।



## किसे चुनेगा भाजपा हाईकमान, रसूखदार पैसे वालों को या पिछले 25-25 साल से दरी बिछाने वाले कार्यकर्ताओं को

**मुजफ्फफरनगर।** एक समय था जब भाजपा सबसे पहले कार्यकर्ता में वफादारी ढूंढती थी मगर धीरे-धीरे समय बदला और दरी बिछाने वाले कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करके लखनऊ तक पकड़ रखने वाले कार्यकर्ताओं व पैसा फेंककर टिकट खरीदार लाने वाले कार्यकर्ताओं की धूम मचने लगी और धीरे-धीरे पैसे से कमजोर और पार्टी के लिए दमदार कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया जाने लगा। दमदार से दमदार कार्यकर्ता को बार-बार निराश करके उसे घर बैठने को मजबूर किया जाने लगा। हाल के परिवेश में भाजपा का हाल भी अन्य पार्टियों जैसे हो चला है, जहां कार्यकर्ताओं की पूछ कम और चमचागिरी करने वालों की पूछ ज्यादा होने लगी है। पार्टी हाईकमान की चाटुकारिता करने वाले और पैसे से अपना रुतबा जमाने वाले नेताओं की ही अब चुनाव लड़ने की हैसियत रह गयी है। ऐसे में सवाल फिर वही खड़ा होता है कि क्या भाजपा हाईकमान गरीब कार्यकर्ताओं को भी टिकट देने का काम करेगी या फिर पैसे वालों की ही पूछ इस बार भी टिकट बांटने में की जाएगी। एक जमाना था जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इस बात का विशेष ध्यान रखता था कि सत्ता में जिसे भी भेजा जाए, वह जमीन से जुड़ा व्यक्ति हो मगर आज के दौर में हवा-हवाई नेताओं का दौर चल रहा है, कब किसे शॉर्टकट से टिकट मिल जाए, यह कह पाना मुश्किल है।

## चीनी सस्ती हो सकती है, आयात टैक्स फ्री हुआ

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसी)।** आने वाले दिनों में चीनी सस्ती हो सकती है। केंद्र सरकार ने इसके आयात को टैक्स फ्री कर दिया है। चीनी के लगातार बढ़ते दामों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने ये फैसला लिया है। ये छूट 31 अक्टूबर तक रहेगी। सरकार ने देश में शक्कर की कमी न हो, इसलिए इसके निर्यात पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी है। यह रोक 30 सितंबर 2026 तक लागू रहेगी। सरकार ने चीनी को पूरी तरह प्रतिबंधित कैटेगरी में डाल दिया है, यानी अब सरकार की इजाजत के बिना कोई भी व्यापारी देश से बाहर चीनी नहीं बेच पाएगा। अभी चीनी रिटेल में 64 प्रति किलो के करीब बिक रही है। सरकार के आदेश के मुताबिक, चीनी की इस खेप का आयात आज से लेकर 31 अक्टूबर 2026 तक पूरा करना होगा। भारत दुनिया में चीनी का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। अक्टूबर के दौरान देश में दिवाली और दुर्गा पूजा जैसे बड़े त्योहार आते हैं, जिसमें मिठाई, केक और पकवानों की भारी डिमांड के कारण शक्कर की खपत सबसे ज्यादा होती है। इसके अलावा, बिस्कुट और मिठाई कंपनियां भी चीनी का स्टॉक जमा करने लगती हैं। त्योहारों से ठीक पहले बिना टैक्स के इतनी बड़ी मात्रा में चीनी बाजार में आने से सप्लाई चेन मजबूत होगी और हलवाइयों से लेकर आम जनता को महंगे दामों से राहत मिलेगी। कमोडिटी मार्केट के एक्सपर्ट्स और बाजार विश्लेषकों का मानना है कि भारत सरकार के इस फैसले का असर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दिखेगा। जैसे ही भारत अंतरराष्ट्रीय बाजार से 10 लाख टन कच्ची चीनी की उठाएगा, ग्लोबल मार्केट में इसकी मांग अचानक बढ़ जाएगी। इसका सीधा असर लंदन और न्यूयॉर्क के कमोडिटी एक्सचेंजों में चीनी की बेंचमार्क कीमतों पर पड़ेगा और वहां आने वाले दिनों में शक्कर के दाम बढ़ सकते हैं।

## नाइजीरिया में नाव पलटी, 47 लोगों की मौत


**सोकोटो, 20 अगस्त (एजेंसी)।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी सोकोटो राज्य में गुरुवार को एक नाव नदी में पलट गई। हादसे में अब तक कम से कम 47 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने यह जानकारी दी है। मरने वालों में बड़ी संख्या महिलाओं और बच्चों की बताई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, नाव में 80 से ज्यादा लोग सवार थे। इनमें से ज्यादातर लोग काम करने के लिए खेतों की ओर जा रहे थे। यह हादसा सोकोटो के गोरोंयो स्थानीय प्रशासन क्षेत्र के गोराऊ कस्बे के पास हुआ।

## साढ़े छह घंटे बिजली बंद रहने से बिलबिलाए पटेलनगर वासी




**मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बु.)।** नई मंडी और पटेलनगर में आज बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोग बुरी तरह परेशान रहे। मंडी क्षेत्र में दिन में शट डाउन था। दूसरी ओर पटेलनगर इलाके में पुराने तार बदलने और मुख्य डाकघर के सामने खड़े खराब पोल को बदलवाने के लिए करीब साढ़े छह घंटे बिजली गायब रहने से लोग परेशान रहे। आज सुबह मंडी इलाके में सुबह आठ से 12 बजे तक शट डाउन के चलते आपूर्ति बंद रही। इसके बाद एक बजे पटेलनगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। घंटों आपूर्ति ठप रहने से लोग उमस भरी गर्मी में बेहाल रहे और इन्वर्टर तक ठप हो गए। अधिशासी अभियंता नगरीय खंड का कहना है कि पटेलनगर में पुराने जर्जर तार बदलवाने के लिए एक बजे से छह बजे तक शट डाउन निर्धारित था। इसके बाद पटेलनगर स्थित मुख्य डाकघर के सामने खड़े एक जर्जर पोल को बदलने के लिए आपूर्ति बंद रखनी पड़ी। इसके चलते छह बजे तक का शट डाउन करीब साढ़े सात बजे तक चला। इससे उपभोक्ताओं को असुविधा हुई। हालांकि यह सवाल जरूर है कि जब तार बदलवाने के लिए पहले ही शट डाउन लिया गया था तो उसी समय में पोल क्यों नहीं बदलवा दिया गया। बाद में पोल बदलने के लिए डेढ़ घंटा अतिरिक्त बिजली कटौती से लोग परेशान होने ही थे।





मंगलौर में नहर के किनारे मिला कविता का शव व गिरफ्तार आरोपी

## जिंदा जल गया चालक: ट्रक पलटते ही दब गया हाथ, निकलने के लिए छटपटाता रहा बिंदर

**शामली, 20 अगस्त (एजेंसी)।** झिंझाना थानाक्षेत्र में मेरठ-करनाल हाईवे पर बिडौली में गुरुद्वारे के सामने बुधवार देर रात चावल से लदा ट्रक डिवाइडर से टकराने के बाद दूसरी लेन में पलट गया और आग लग गई। ट्रक में फंसे चालक की आग में जलकर मौत हो गई। पुलिस और दमकल की गाड़ी ने आग को बुझाया। हरियाणा के करनाल स्थित करण विहार निवासी बिंदर (45) बुधवार रात ट्रक में मुजफ्फरनगर से चावल लादकर करनाल जा रहे थे। बिडौली गुरुद्वारे के सामने अचानक ट्रक डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर लगने के बाद ट्रक घिसटता हुआ दूसरी लेन में जाकर पलट गया। सड़क पर रगड़ खाने और डीजल टैंक फटने से ट्रक में आग लग गई। देखते-ही-देखते ट्रक आग की लपटों में घिर गया। इस दौरान केबिन में फंसे चालक का हाथ ट्रक के नीचे दब गया। आसपास के लोगों ने चालक को खींचकर बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन भीषण आग के चलते लोग उन्हें निकाल नहीं सके। आग में जलकर बिंदर की मौत हो गई।



## प्रेमी के लिए बुढ़ाना की बेटी ने गर्दन काटकर किया मां का कत्ल

**▶▶ मंदिर घुमाने के बहाने ले जाकर कार में हत्या के बाद लाश बोरी में भर मंगलौर में फेंकी**
**▶▶ दूसरी जाति के प्रेमी से विवाह के विरोध पर बेटी व प्रेमी ने मिलकर लिया खूनी बदला**

**मेरठ, 20 अगस्त (एजेंसी)।** कंकरखेड़ा के नरेशपुरम में रहने वाली मूलतः मुजफ्फरनगर जिले के बुढ़ाना की निवासी कविता (40) की उसकी बेटी उन्नति ने अपने प्रेमी दुल्हेड़ा गांव के आकाश चौहान के साथ मिलकर गर्दन काटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव हरिद्वार के मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में गंगनहर के किनारे फेंक दिया था। बुधवार रात मंगलौर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा किया।

हरिद्वार के एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि 18 अगस्त को पुलिस को गंगनहर किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिला था। महिला के गले पर चाकू से वार के गहरे निशान थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पहचान का प्रयास किया जाने लगा। आसपास के थानों और सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्रसारित की गई। मृतका की पहचान कविता के रूप में हुई। वह कंकरखेड़ा के नटेशपुरम निवासी अरविंद की पत्नी थीं। अरविंद और कविता मूलरूप से ओली माजरा गांव बुढ़ाना मुजफ्फरनगर के निवासी हैं। बेटी ने पिता को बताया मां को मनोनाधाम दर्शन कराने ले जा रही है कविता के पति अरविंद ने पुलिस को बताया। उनकी बेटी उन्नति और आकाश चौहान के बीच प्रेम-प्रसंग था। कविता इसका विरोध करती थी। 17 अगस्त की सुबह अरविंद ड्यूटी पर जा रहे थे। उस समय कविता घर पर नहीं थीं। इसके चलते अरविंद ने बेटी को कॉल कर पूछताछ की। इस पर उन्नति ने पिता को बताया कि वह अपनी मां को बरेली स्थित मनोनाधाम दर्शन के लिए ले जा रही है। वारदात की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बुधवार को मंगलौर पुलिस कंकरखेड़ा और पल्लवपुरम पहुंची। पुलिस ने दोनों आरोपियों को लक्सर रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि दोनों ने अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त कार और चाकू बरामद कर लिया है। एसपी देहात ने बताया कि शव मिलने के बाद पुलिस ने 200 से ज्यादा सीसीटीवी के फुटेज चेक किए। पुलिस को एक संदिग्ध कार दिखाई दी। इस कार को तलाशती हुई पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। इस मामले में अरविंद ने मंगलौर कोतवाली में दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। इधर, मेरठ के एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने बताया कि इस मामले में मंगलौर पुलिस कार्रवाई कर रही है। वहीं, महिला का शव बरामद हुआ था और प्राथमिकी भी वहीं दर्ज की गई है। सीओ दौराला शिव ठाकुर का कहना है कि इस मामले में उन्हें अरविंद की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली थी। आरोपी आकाश चौहान ने पुलिस को बताया कि वारदात के समय वह कार चला रहा था। उसकी प्रेमिका उन्नति पीछे की सीट पर मां के साथ बैठी थी। रास्ते में कविता को नींद की झपकी लग गई। इसी दौरान बगल में बैठी बेटी उन्नति ने चाकू से मां का गला रेत दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आकाश ने तुरंत कार को सड़क किनारे रोक दिया। आरोप है कि इसके बाद दोनों ने मिलकर कविता की हत्या की और शव को बोरी में रखकर कार की डिग्गी में डाल दिया। इसके बाद आरोपी शव को लेकर मंगलौर पुल के पास पहुंचे। सुनसान स्थान देखकर दोनों ने महिला के शव को नहर में फेंक दिया और भाग गए। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी 12वीं पास हैं। रुड़की के मंगलौर में महिला की हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी उन्नति और उसका प्रेमी आकाश चौहान दिल्ली में नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे थे। इस दौरान ही दोनों की मुलाकात हुई थी। कुछ दिन पूर्व युवक ने युवती के घर जाकर शादी करने की बात कही थी लेकिन महिला शादी के पक्ष में नहीं थी। उसने शादी के लिए मना कर दिया था। इसके बाद युवक चला गया था। आकाश वारदात से दो दिन पहले दिल्ली से अपने गांव आया था। इसके बाद वह अपने दोस्त की कार लेकर परिजनों से यह कहकर गया था कि वह जल्दी लौट आएगा। इसके बाद उसने उन्नति के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया।





1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## अमेरिका में संघ पर बैन लगाने की मांग

यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम यानी यूएससीआईआरएफ ने अमेरिका में आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। यूएससीआईआरएफ अमेरिका की स्वतंत्र सरकारी संस्था है। इसे अमेरिकी कांग्रेस ने 1998 के इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम एक्ट के तहत बनाया था। इसके सदस्य राष्ट्रपति और कांग्रेस के दोनों प्रमुख दलों की ओर से नियुक्त होते हैं। यूएससीआईआरएफ का काम निगरानी और सलाह देना है। यह किसी देश या संगठन पर प्रतिबंध की सिफारिश कर सकती है, लेकिन अंतिम फैसला अमेरिकी सरकार का होता है। यानी इसकी सिफारिश से प्रतिबंध अपने-आप लागू नहीं होता। यह भी उल्लेखनीय है कि यूएससीआईआरएफ के अध्यक्ष पाकिस्तानी मूल के हैं, बहुत से लोगों का कहना है कि इसी से उनकी सोच का अंदाजा लग जाता है कि उनका दिमाग आरएसएस को लेकर क्या सोचता है। हलांकि यह रिपोर्ट सिर्फ मशवरा है, यह कोई अमेरिका का आधिकारिक बयान नहीं है। यूएससीआईआरएफ के पाकिस्तानी मूल के अध्यक्ष आसिफ महमूद ने आरएसएस को एक ऐसा मुख्य संगठन बताया, जिसके सहयोगी संगठनों ने धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले किए हैं, जो एक दम सफेद झूट है। महमूद ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी आरएसएस के सदस्य हैं। संस्था का कहना है कि आरएसएस नेताओं के साथ उच्च-स्तरीय बैठकें या राजनयिक शिष्टाचार का सम्मान नहीं दिया जाना चाहिए, भले ही वे भारत सरकार से जुड़े हों। आयोग के चेयरमैन आसिफ महमूद का यह बयान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के अमेरिका दौरे से कुछ दिन पहले आया है। भागवत 25 अगस्त से अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन के दौरे पर जाएंगे। यूएससीआईआरएफ को अमेरिका ही में कई बार अपने संकुचित और फिरकापरस्त नजरिये के कारण आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। यूएससीआईआरएफ भारत को सीपीसी यानी विशेष चिंता का देश वाली सूची में शामिल करने की सिफारिश कर चुका है। आयोग ने पहली बार 2004 में यह सिफारिश की थी और 2020 में इसे फिर दोहराया। इसके बाद 2021 से 2026 तक की रिपोर्टों में भी यूएससीआईआरएफ ने भारत को सीपीसी सूची में शामिल करने की मांग की। हालांकि यूएससीआईआरएफ की सिफारिश का मतलब यह नहीं है कि अमेरिका ने भारत को सीपीसी घोषित कर दिया है। मार्च 2026 में यूएससीआईआरएफ की सालाना रिपोर्ट में भारत में धार्मिक स्वतंत्रता के कथित उल्लंघनों की आलोचना की गई थी। रिपोर्ट में आरएसएस और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग जैसी संस्थाओं और कुछ लोगों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी, तब भारत ने रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा था कि यूएससीआईआरएफ संदिग्ध स्रोतों और वैचारिक सोच के आधार पर लगातार देश की खराब छवि पेश करता है, तब भी इस संगठन की भारत में निन्दा की गयी थी और अब भी की जा रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि भारत की चुनिंदा आलोचना करने के बजाय यूएससीआईआरएफ को अमेरिका में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाओं पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा था कि उसे भारत को निशाना बनाने की प्रवृत्ति के बजाए अमेरिका में भारतीय समुदाय के सदस्यों के खिलाफ बढ़ती असहिष्णुता और डराने-धमकाने की घटनाओं पर ध्यान देना चाहिए। अमेरिका में इस संगठन की आलोचनाओं और इस प्रकार की रिपोर्ट से यह बात साफ हो गयी है कि यह संगठन एक कुंठित विचारधारा और निकृष्ट साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से ग्रसित है। अमेरिका में मौजूद एक और भारत विरोधी एक्टिविस्ट नेटवर्क मोहन भागवत के खिलाफ मुहिम चला रहा है। यह एक्टिविस्ट नेटवर्क मोहन भागवत की अमेरिका यात्रा का विरोध कर रहा है। इस नेटवर्क को 'इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल' चला रही है, इसने पहले भी भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकारों, जातिगत भेदभाव और कथित मानवाधिकार उल्लंघनों जैसे मुद्दों पर बार-बार कैंपेन चलाए हैं। इसकी स्थापना 2002 में गुजरात दंगों के बाद हुई थी। यह भारत और भारतीय-अमेरिकी समुदाय पर केंद्रित मानवाधिकार और वकालत के ढांचे के तहत अपना काम करता है। इसने सीएए, अनुच्छेद 370 को हटाने आदि के खिलाफ कैंपेन चलाया है और भारत में भीमा-कोरेगांव मामले में आतंकी आरोपों का सामना कर रहे लोगों का समर्थन किया है। दूसरी तरफ कनाडा के 100 से ज्यादा संगठनों ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के प्रस्तावित दौरे का समर्थन किया है। उन्होंने कनाडा के प्रधानमन्त्री मार्क कार्नी और मंत्रियों को पत्र लिखकर भागवत को रोकने की मांगों को खारिज करने की अपील की। संगठनों ने कहा कि किसी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले पुख्ता और स्वतंत्र सबूत होने चाहिए और कानून के मुताबिक पूरी प्रक्रिया अपनानी चाहिए। अमेरिका का यह विवादस्पद संगठन किसी देश या संगठन पर प्रतिबंध की सिफारिश कर सकता है, लेकिन अंतिम फैसला अमेरिकी सरकार का होता है। यानी इसकी सिफारिश से प्रतिबंध अपने-आप लागू नहीं होता। यह संस्था अलग-अलग देशों में धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक उत्पीड़न की स्थिति की निगरानी करती है। यह संस्था अपनी रिसर्च और जांच के आधार पर सालाना रिपोर्ट जारी करती है। जाहिर है इसमें जैसे लोग होंगे वैसी ही रिपोर्ट तैयार करेंगे। यह संस्था कुछ देशों को विशेष चिंता का देश यानी सीपीसी घोषित करने की सिफारिश कर सकती है, लेकिन इसने पाकिस्तान और बांग्लादेश को अभी सीपीसी घोषित करने की सिफारिश नहीं की है, यह इसकी घटिया फिरका परस्ती का सबूत है। भारत सरकार ने कई बार आयोग की इस तरह की रिपोर्टों को पूरी तरह से खारिज किया है। इससे पहले आयोग की ओर से उठे प्रतिबंध की मांग पर विदेश मंत्रालय ने करारा जवाब दिया था। आयोग पर निशाना साधते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत 1.4 अरब लोगों का देश है, जहां दुनिया के सभी धर्मों के लोग शांति और सद्भावना के साथ रहते हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका की इस विवादस्पद संस्था के रुख को एक खास एजेंडा और भारत के बहुसांस्कृतिक समाज को बदनाम करने की कोशिश करार दिया था। भारत ने स्पष्ट कहा था कि लोकतंत्र और सहिष्णुता के प्रतीक के रूप में भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने की ऐसी कोशिश कभी सफल नहीं होगी। भारत ने कहा था, वास्तव में यूएससीआईआरएफ ही को चिंता वाला संगठन घोषित कर दिया जाना चाहिए।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'राजनीति' 'इमदाद' 'नक्सल' 'दिमाग'

ये राजनीति अपनी जगह ठीक है मगर,
सच में किसी की कोई तो इमदाद कीजिये।
जो जी रहे हैं दोस्तों नक्सल दिमाग के,
भारत को अब तो उनसे भी आजाद कीजिये।

# नगर में ऐतिहासिक पल, संदीप जी महाराज को मिली महामंडलेश्वर की उपाधि

### कार्यक्रम में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष संत डॉ. रविन्द्र पुरी महाराज की गरिमामय उपस्थिति रही।

**मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बुस.)।** मुजफ्फरनगर की धरती पर आज उस समय एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण पल देखने को मिला, जब संत समाज की गरिमामय उपस्थिति में संदीप जी महाराज को महामंडलेश्वर की उपाधि से विभूषित किया गया। भोपा रोड स्थित पंजाबी बारात घर में आयोजित इस भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम में देशभर से आए संत-महात्माओं, धर्माचार्यों और श्रद्धालुओं का विशाल जमावड़ा रहा। पूरा परिसर धार्मिक आस्था, आध्यात्मिक ऊर्जा और सनातन संस्कृति के जयघोष से गूंजता रहा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष संत डॉ. रविन्द्र पुरी महाराज की गरिमामय उपस्थिति रही। संत समाज के अनेक प्रमुख संतों की मौजूदगी ने समारोह की भव्यता को और बढ़ा दिया। संदीप जी महाराज को महामंडलेश्वर की उपाधि से सम्मानित किए जाने के अवसर उपस्थित संत समाज और श्रद्धालुओं के लिए विशेष भावनात्मक एवं आध्यात्मिक महत्व का रहा।

जैसे ही उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया, पूरा सभागार तालियों और जयकारों से गूंज उठा। खचाखच भरे हाल में मौजूद लोगों ने संदीप जी महाराज को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल आध्यात्मिक एवं सामाजिक जीवन की मंगलकामना की। संत समाज ने इस अवसर को सनातन परंपरा की मजबूती और समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला महत्वपूर्ण पड़ाव बताया। कार्यक्रम में केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, देश की एकता और अखंडता तथा इंसानियत को मजबूत करने का संदेश भी प्रमुखता से सामने आया। संतों ने कहा कि सनातन परंपरा का मूल भाव समाज को जोड़ना, मानवता की सेवा करना और आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। आज आवश्यकता इस बात की है कि धर्म और आध्यात्मिकता को समाज सेवा, सद्भाव और राष्ट्रहित से जोड़ा जाए, ताकि समाज में सकारात्मक सोच का विस्तार हो और आने वाली पीढ़ियों को संस्कार, सेवा तथा भाईचारे का मार्ग दिखाया जा सके। महामंडलेश्वर की उपाधि से विभूषित होने के बाद संदीप जी महाराज ने संत समाज का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व और सम्मान मिला है, वह उनके लिए गौरव के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि समाज की एकता, धर्म की मजबूती और देश की उन्नति के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। मानवता और समाजहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जरूरतमंदों की सेवा, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने संत समाज और उपस्थित श्रद्धालुओं को विश्वास दिलाया कि उन्हें मिली जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ किया जाएगा। संदीप जी महाराज ने कहा कि आज समाज को जोड़ने वाली शक्तियों को मजबूत करने की आवश्यकता है। धर्म केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं, बल्कि सेवा, सद्भाव, संस्कार और मानव कल्याण का भी संदेश देता है, जब समाज में आपसी विश्वास और भाईचारा मजबूत होगा, तभी देश भी और अधिक मजबूत बनेगा। उन्होंने सनातन संस्कृति की महान परंपराओं को आगे बढ़ाने और युवाओं को संस्कार एवं सेवा के मार्ग से जोड़ने पर भी जोर दिया। समारोह में उपस्थित संत-महात्माओं ने संदीप जी महाराज को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि वे संत परंपरा की मर्यादा को आगे बढ़ाते हुए समाज और राष्ट्र के हित में उल्लेखनीय कार्य करेंगे। संत समाज की सामूहिक उपस्थिति ने यह संदेश भी दिया कि धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थाएं समाज में सकारात्मक परिवर्तन, एकता और मानवता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। भव्य आयोजन के दौरान वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक दिखाई दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संतों के दर्शन और आशीर्वाद के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने को लेकर उत्साहित नजर आया। संत समाज की एकजुटता और उपस्थित जनसमूह ने समारोह को यादगार बना दिया। मुजफ्फरनगर में आयोजित यह समारोह केवल एक संत को महामंडलेश्वर की उपाधि प्रदान किए जाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इस अवसर ने सामाजिक एकता, सनातन संस्कृति, राष्ट्र की एकता-अखंडता और इंसानियत के संदेश को भी मजबूती से सामने रखा। संदीप जी महाराज के महामंडलेश्वर बनने के साथ संत समाज ने उनसे जो अपेक्षाएं और जिम्मेदारियां जोड़ी हैं, वे निश्चित रूप से आने वाले समय में उनके सामाजिक और धार्मिक कार्यों की दिशा तय करेंगी। समारोह में उमड़ा जनसैलाब और संत समाज की गरिमामय उपस्थिति इस बात का प्रमाण रही कि मुजफ्फरनगर की धरती पर आयोजित यह आयोजन लंबे समय तक लोगों की स्मृतियों में बना रहेगा।





# आर्म्ड फोर्सेस फिजिकल के समय में बदलाव की मांग

**मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बुस.)।** आर्म्ड फोर्सेस की भर्ती प्रक्रिया में होने वाले फिजिकल टेस्ट के समय में बदलाव की मांग को लेकर गुरुवार सुबह करीब 11 बजे बड़ी संख्या में युवा जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। युवाओं ने डीएम उमेश कुमार मिश्रा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और जुलाई-अगस्त के बजाय किसी दूसरे समय में फिजिकल कराने की मांग की। युवाओं का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था के तहत अभ्यर्थियों का फिजिकल जुलाई और अगस्त जैसे महीनों में कराया जाता है। इन महीनों में बारिश का मौसम होने के कारण अभ्यर्थियों को फिजिकल की तैयारी करने के साथ-साथ परीक्षा के दौरान भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ज्ञापन में युवाओं ने कहा कि बारिश के मौसम में मैदानों में पानी और फिसलन की स्थिति बन जाती है। इससे दौड़ और अन्य शारीरिक परीक्षणों की तैयारी प्रभावित होती है। युवाओं का कहना है कि ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले अभ्यर्थियों को भी बारिश के दौरान आवागमन में परेशानी होती है। खराब मौसम के बीच सड़क हादसों का खतरा भी बना रहता है। अभ्यर्थियों ने अपनी मांग के समर्थन में कहा कि बारिश के मौसम में फिजिकल की तैयारी या परीक्षा में शामिल होने के लिए आने-जाने के दौरान कई हादसे हो चुके हैं। ज्ञापन में कुछ अभ्यर्थियों के सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने और कुछ मामलों में मौत तक होने का दावा किया गया है। युवाओं ने मांग की कि अभ्यर्थियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए आर्म्ड फोर्सेस के फिजिकल टेस्ट का समय जुलाई-अगस्त से बदलकर मौसम की दृष्टि से अधिक अनुकूल अवधि में किया जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद रहे। युवाओं ने भारत माता की जय के नारे लगाए और अपनी मांग को अभ्यर्थी हित से जुड़ा बताते हुए प्रशासन से सकारात्मक कार्रवाई की अपील की। उनका कहना है कि उनका उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया का विरोध करना नहीं, बल्कि फिजिकल टेस्ट का समय ऐसा निर्धारित कराने की मांग करना है, जिससे अभ्यर्थियों को बेहतर तैयारी का अवसर मिले और बारिश के दौरान होने वाली परेशानियों एवं संभावित हादसों का खतरा कम हो सके।





# राजेन्द्र अरोरा बने गोल मार्किट के अध्यक्ष

**मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बुस.)।** बृहस्पतिवार को गोल मार्किट समद्ध उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि. का विधिवत गठन किया गया। मुख्य अतिथि कृष्ण गोपाल मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार बलविंदर सिंह व प्रदेश मंत्री के निर्देशन में जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने राजेंद्र अरोरा को गोल मार्किट अध्यक्ष, हर्ष गुलाटी को महामंत्री, चंद्रमोहन को संरक्षक, भारत अरोरा को कोषाध्यक्ष, राजकुमार संगम को उपाध्यक्ष, नवदीप को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेंद्र ठाकुर, किरण पाल, कनिक पुनियानी को सदस्य मनोनीत किया। कृष्ण गोपाल मित्तल, सरदार बलविंदर सिंह व राकेश त्यागी ने सभी को मनोनयन-पत्र देकर सम्मानित किया तथा पद व गोपनीयता की शपथ दिलवायी। अध्यक्ष राजेंद्र अरोरा ने कहा कि संघटन का ऋणी रहूँगा।

# मां-बाप बेशक कड़वे लगते हों, मगर सोशल मीडिया की दोस्ती वाले किसी काम नहीं : एसएसपी

## छात्राओं की लगी अनोखी पाठशाला

**मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बुस.)।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा नगर पालिका कन्या इण्टर कॉलेज में छात्राओं के साथ संवाद कर उन्हें प्रेरणादायी कहानी के माध्यम से जीवन में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों एवं महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी छात्राओं को दी गई। छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्या अथवा असुरक्षा की स्थिति में तत्काल पुलिस की सहायता लेने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक द्वारा भी छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा किसी भी अप्रिय परिस्थिति में पुलिस से सम्पर्क करने के संबंध में जागरूक किया गया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा गया कि जागरूकता, आत्मविश्वास और शिक्षा ही सशक्तिकरण की सबसे मजबूत आधारशिला है। उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा पुलिस अधिकारियों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों को साझा किया गया, जिनका अधिकारियों द्वारा समाधानपरक उत्तर दिया गया। शासन की मंशानुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मुजफ्फरनगर पुलिस पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पुलिस द्वारा निरंतर जागरूकता एवं सुरक्षा संबंधी अभियान चलाए जा रहे हैं।





# पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग

**मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बु.)।** पुरानी पेंशन योजना पुनः बहाल किये जाने की मांग कर्मचारियों ने की है। कर्मचारियों ने आज दिए ज्ञापन में कहा कि वर्तमान समय में सरकारी कर्मचारियों पर नवीन पेंशन योजना अच्छांदित है। जिसमें तमाम प्रकार की खामियां व कमियां हैं। इसके कारण लाखों कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय है। क्योंकि नवीन पेंशन योजना में निश्चित पेंशन का प्राविधान नहीं है तथा यह योजना शेयर मार्केट पर आधारित है, जिसमें कर्मचारियों को मार्केट के अधीन रहकर जोखिम उठाना पड़ता है। कर्मचारियों को सेवानिवृत्त के पश्चात सम्मान जनक जीवन यापन करने में अति कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कर्मचारी संघ का कहना है कि कर्मचारियों को उनके बुढ़ापे का एक मात्र सहारा उनकी लाठी पुरानी पेंशन योजना का लाभ दें, ताकि वृद्धावस्था के दौरान कर्मचारी सम्मान जनक जीवन यापन कर सकें।



# संभल में जलभिषेक की घोषणा करने वाले नजरबंद

**मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बु.)।** सम्भल में हरिहर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कार्यक्रम में जाने से रोकने के लिए संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी व शिवसेना प्रदेश महासचिव डॉक्टर योगेंद्र शर्मा को घर में नजरबंद कर दिया गया। हिंदू नेताओं ने कहा योगीराज में हिंदू नेताओं को रोकना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है हिंदू नेताओं को घरों में नजर बंद किया जा सकता है मगर इनके हौसले तोड़े नहीं जा सकते।

# चर्चित टॉर्चर फैक्ट्री केस में एक और गिरफ्तारी

### – मजदूरों को बंधक बनाकर प्रताड़ित करते थे, पूर्व ग्राम प्रधान को पुलिस ने दबोचा

**तितावी, 20 अगस्त (बु.)।** मजदूरों को कथित तौर पर बंधक बनाकर प्रताड़ित किए जाने के मामले में तितावी पुलिस ने एक और वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मांडी गांव के पूर्व प्रधान विपिन पुत्र राजवीर को गिरफ्तार कर लिया है, जो कि इस पूरे मामले के सूत्रधार रहे अंकित बालियान का चाचा भी है। यह वही चर्चित मामला है, जिसमें मजदूरों को कथित रूप से बंधक बनाकर उनसे काम कराया जाता था और विरोध करने पर उनके साथ अमानवीय व्यवहार और प्रताड़ना के आरोप सामने आए थे। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस के मुताबिक, 19 अगस्त को दोपहर करीब 12:42 बजे आरोपी विपिन को मुकंदपुर झाल से करवाड़ा जाने वाले मार्ग पर हैदरनगर जंगल की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे नियमानुसार कोर्ट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आपको बता दें कि आरोपी के खिलाफ तितावी थाने में दर्ज मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के साथ बाल श्रम अधिनियम 1986, बंधुआ मजदूरी उन्मूलन अधिनियम 1976 और किशोर न्याय अधिनियम की धाराएं भी शामिल हैं। इसी कारण यह मामला जिले के चर्चित श्रम शोषण मामलों में शामिल रहा है। मामला उस समय व्यापक चर्चा में आया था, जब मांडी गांव के बाहरी छोर पर बनी दोना पत्तल फैक्ट्री में मजदूरों को बंधक बनाकर काम कराया जाता था और कथित तौर पर उन्हें प्रताड़ित किया जाता था। इसके बाद प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई के साथ यह प्रकरण टॉर्चर फैक्ट्री के नाम से चर्चित हुआ। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच और अन्य वांछित आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जयवीर सिंह, उपनिरीक्षक नवनीत यादव, कांस्टेबल दीपक कुमार, कांस्टेबल अर्जुन सिंह और महिला कांस्टेबल मेघा चौधरी शामिल रहे।



Shri Girdhari Lal Jain
Memorial Public School
73, Prempuri, Near Idgah, Muzaffarnagar (M. 9012205377,9837888816)
(An Anglo- Indian School)
REQUIRES
Female Teachers for the following
Subjects for VI to VIII Classes.
1. S. St. 2. English
3. Receptionist
Walk- in with a self written application
between 9 AM to 12 NOON.
स्कूल के कार्य के लिए महिलाएं (चपरासी) एवं
ड्राइवर (एवजी) की आवश्यकता है।

# लापता पति की बरामदगी की मांग को लेकर एसएसपी को पत्र लिखा



**मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बु.)।** पति के संदिग्ध रूप से लापता होने पर रिपोर्ट दर्ज कर सकुशल बरामदगी एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग महिला ने एसएसपी से की है। खतौली के होली चौक निवासी जुगनू उर्फ रेखा पत्नी पप्पू ने एसएसपी को दिए प्रार्थनापत्र में कहा कि उसके पति पप्पू संदीप भारत गैस एजेंसी, राजा राम मंडी, खतौली में गैस सप्लाई का कार्य करते थे। 18 अगस्त को वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। उनका आज तक कोई पता नहीं चल सका है। उनकी गैस सप्लाई की गाड़ी छोटा हाथी खतौली नहर के पास जंगल में लावारिस अवस्था में मिली। उनकी चप्पलें भी वहीं आसपास पड़ी मिली। इससे किसी गंभीर अनहोनी अथवा जबरदस्ती अपहरण की आशंका है। 19 अगस्त वह अपने पति पप्पू के बारे में पूछताछ करने के लिए गैस गोदाम पर गयी तो वहां पर उसके व परिवार वालों के साथ मारपीट की गई। उसने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल रिपोर्ट दर्ज करा कर पप्पू की सकुशल बरामदगी हेतु आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

# प्रदेश स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में मुजफ्फरनगर के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बुस.)।** शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में मंडल सहारनपुर के जनपद मुजफ्फरनगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयु वर्गों में पदक प्राप्त कर अपने विद्यालय, जनपद एवं मंडल का नाम रोशन किया। अंडर-14 वर्ग में होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज, जड़ौदा, मुजफ्फरनगर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों आर्यन एवं युग दहिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके पश्चात अंडर-17 वर्ग में होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज के खिलाड़ी रिहान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया और अपने विद्यालय, जनपद एवं मंडल सहारनपुर का नाम गौरवान्वित किया। वहीं अंडर-19 वर्ग में डी.ए.वी. इंटर कॉलेज, जानसठ के खिलाड़ियों आर्यन कुमार एवं शरद सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज के शिक्षक संत कुमार एवं कराटे कोच मनोज कुमार विशेष रूप से लखनऊ पहुंचे और प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। वहीं मुजफ्फरनगर से खेल प्रभारी प्रमोद कुमार का खिलाड़ियों की तैयारी एवं प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए विशेष सहयोग रहा। विद्यालय परिवार ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इन खिलाड़ियों की सफलता ने मंडल सहारनपुर, जनपद मुजफ्फरनगर एवं होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज, जड़ौदा, डीएवी इंटर कॉलेज जानसठ का गौरव बढ़ाया है।








# शाहपुर में संत रविदास मंदिर पहुंची भाजपा की भव्य कलश यात्रा

### – पूर्व विधायक उमेश मलिक ने संत शिरोमणि को किया नमन

**शाहपुर, 20 अगस्त (बु.)।** संत शिरोमणि रविदास जी के 650वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित संत रविदास जी कलश यात्रा शाहपुर भाजपा मंडल के गांव पुरबालियान सोंहजनी तगान काकड़ा से शाहपुर नगर पहुंची। यह यात्रा संत रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर,वाराणसी (काशी) की पवित्र मिट्टी से युक्त कलश लेकर देशभर में निकाली जा रही है। शाहपुर मण्डल में यात्रा का समापन शाहपुर नगर रविदास मंदिर में हुआ। यात्रा का समापन पूर्व विधायक उमेश मलिक ने किया। यात्रा प्रभारी एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद पाल, संयोजक डॉ. अमित पाल व डॉ. नीटू सैनी रहे। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री परमेश सैनी, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य सचिन संगल शाहपुर शक्ति केंद्र संयोजक अमन सैनी ठाकरान, मंडल अध्यक्ष डॉ. मुनीश त्यागी,भूमि विकास बैंक चेयरमैन विनोद सैनी, युवा भाजपा नेता मोनू मलिक, सोनू बालियान, डॉ. सतीश सैनी, मास्टर चतुर्वेदी, प्रमुख समाजसेवी धर्मदास, सचिन कुड़िया परविंदर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सभासद पति रेनू कुमार ने किया। कस्बे में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की शिक्षाओं और उनके महान विचारों को स्मरण करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं व दलित समाज के लोगों ने भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गों से होती हुई संत रविदास मंदिर पहुंची। कलश यात्रा के मंदिर पहुंचने पर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने संत रविदास जी के जयकारों के साथ उनका स्मरण किया। इस दौरान पूर्व विधायक उमेश मलिक ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के चित्र एवं प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने अपने जीवन के माध्यम से समाज को समानता, भाईचारे, प्रेम और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त कर सभी को एक समान सम्मान देने की प्रेरणा दी। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी का जीवन संघर्ष, त्याग और सामाजिक चेतना का प्रतीक है। उनके बताए आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने समाज के लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत बनाए रखने का आह्वान किया। कलश यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी पूरे उत्साह के साथ यात्रा में सहभागिता की । इस कार्यक्रम में भाजपा के जिला मंत्री व पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, जिला कार्यकारिणी सदस्य सचिन संगल, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, भाजपा नेता विनोद सैनी, मंडल अध्यक्ष डॉ. मुनीष त्यागी, पवन वर्मा, समाजसेवी अरविंद पाल, सभासद रीनू कुमार, मास्टर चतुर्वेदी, धीर सिंह ठेकेदार, चांदू, प्रमेन्द्र व अभिषेक कटारिया आदि लोग मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में 35 साल बाद राष्ट्रपति चुनाव: मिर्जा फखरुल ने ओली अहमद को हराया

**ढाका, 20 अगस्त (एजेंसी)।** बांग्लादेश को नया राष्ट्रपति मिल गया है। सत्तारूढ़ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्नल ओली अहमद को हराया। यह चुनाव कई मायनों में खास रहा।

बांग्लादेश में 35 साल बाद राष्ट्रपति पद के लिए सीधा मुकाबला हुआ। 1991 के बाद पहली बार इस पद के लिए दो उम्मीदवार आमने-सामने थे। हाल के वर्षों में राष्ट्रपति का चुनाव ज्यादातर आम सहमति या निर्विरोध हुआ था। मुख्य चुनाव आयुक्त और राष्ट्रपति चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एएमएम नासिर उद्दीन ने नतीजों का एलान किया। उनके मुताबिक, मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को 255 वोट मिले। वहीं, उनके प्रतिद्वंद्वी ओली अहमद को 88 वोट हासिल हुए। यानी आलमगीर ने 167 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की।

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र, मुजफ्फरनगर

पत्रांक/प्रबन्ध/73/-37 दिनांक:-20/08/2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

शासनादेश संख्या 15/68-5-2020, बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लाख 2020, शासनादेश संख्या 885/68-5-2020, बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ, दिनांक 26/07/2022 व कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुजफ्फरनगर के पत्रांक /एस0एस0ए0/205/2026-27 दिनांक 16/06/2026 के क्रम में नगर क्षेत्र, मुजफ्फरनगर में बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित/मूल्यांकित जीर्ण-शीर्ण भवनों की नीलामी दिनांक 22/08/2026 को कम्पोजिट विद्यालय न्याजूपुरा, मुजफ्फरनगर में प्रातः 10:00 बजे की जायेगी जिसका विवरण निम्नवत है-

| क्र0सं0 | विद्यालय का नाम | प्रा0वि0/उ0प्रा0वि0/कम्पो0 वि0 विद्यालय | न्यूनतम मूल्य (रु0) | धरोहर धनराशि (रु0) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्पोजिट विद्यालय न्याजूपुरा | कम्पोजिट विद्यालय (1-8) | 245808.54 | 25000 |

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त विद्यालयों में स्थित जर्जर भवनों की नीलामी प्रक्रिया में इच्छुक बोलीदाता नीलामी के सम्बन्ध में निर्धारित नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र, मुजफ्फरनगर एवं प्रभारी प्र0अ0, कम्पोजिट विद्यालय न्याजूपुरा, नगर क्षेत्र, मुजफ्फरनगर से प्राप्त कर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। जर्जर भवन की सूची कम्पोजिट विद्यालय न्याजूपुरा, मुजफ्फरनगर पर भी चस्पा कर दी गयी है।

(अमर वीर सिंह)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
नगर क्षेत्र, मुजफ्फरनगर।

